# "कोविदार"

**डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या**

01 सितम्बर–30 सितम्बर, 2025 | विश्वविद्यालय की ई–मासिक न्यूज पत्रिका | वर्षः 01 | अंकः 03 | पृष्ठः 08



**संरक्षक**

**कर्नल डॉ0 बिजेन्द्र सिंह**
**कुलपति**

**संपादक**
डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी
जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग

**प्रकाशक**
श्री विनय कुमार सिंह
कुलसचिव

**सम्पादकीय मण्डल**
डॉ. राज नारायण पाण्डेय,
डॉ. अनुराग सिंह,
श्री छितिज द्विवेदी

**संकलन एवं सम्पादन**
रिंका वर्मा, अर्पिता तिवारी, शगुन जायसवाल, दयानंद तिवारी, नावेन्द्र प्रताप सिंह, महिमा पाण्डेय

**आप सुधी पाठकों के विचार सादर आमंत्रित हैं।**

Avadhuniversity@gmail.com


## शिक्षकों के आदर्शों से ही सशक्त होता है समाजः कुलपति

### अविवि में आक्टा ने शिक्षक दिवस पर सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया सम्मान

अयोध्या 05 सितम्बर, 2025।डॉ. राममनोहर अवध विश्वविद्यालय कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन (आक्टा) द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर एक भव्य सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों से सेवानिवृत्त शिक्षकों के दीर्घकालीन शैक्षणिक योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह तथा विशिष्ट अतिथि फुपुक्टा अध्यक्ष प्रो. वीरेंद्र सिंह चौहान एवं महामंत्री प्रो. प्रदीप सिंह रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन और उनके शिक्षक आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे आज भी समूचे शिक्षक समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

समारोह में सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही दिवंगत शिक्षकों के परिजनों को पांच लाख रुपये की सहायता राशि तथा गंभीर बीमारी से ग्रस्त शिक्षकों को भी आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। आक्टा अध्यक्ष डॉ. जन्मेजय तिवारी एवं महामंत्री प्रो. अमूल्य सिंह ने कहा कि शिक्षकों का जीवन समाज के लिए मार्गदर्शक होता है।



**शिक्षक दिवस पर आयोजित आक्टा के सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित करते कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह एवं अन्य अतिथि।**

कार्यक्रम का संचालन संयुक्त रूप से प्रो. आशुतोष सिंह एवं डॉ. उदल कुमार ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## क्षय रोग मुक्त भारत का संकल्प सामाजिक सहभागिता से होगा पूराः कुलपति

### अविवि में कुलपति ने सौ से अधिक क्षय रोगियों को सौंपी पोषण पोटली

अयोध्या, 17 सितंबर 2025। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सौ से अधिक टीबी रोगियों को विश्वविद्यालय की ओर से पोषण पोटली वितरित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य अयोध्या जनपद को क्षय रोग मुक्त बनाने के संकल्प को सशक्त करना रहा।

अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत वैश्विक पटल पर सशक्त रूप से स्थापित हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के विशेष निर्देश पर वर्ष 2022 से सभी राज्य विश्वविद्यालयों द्वारा टीबी रोगियों को गोद लेने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पोषण सहायता के लिए गोद लिया है, जिन्हें स्वस्थ होने तक अवध विश्वविद्यालय ने सौ से अधिक रोगियों को उपचार एवं नियमित रूप से पोषण पोटली उपलब्ध कराई जाएगी।



**प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिवस पर आयोजित कार्यक्रम में टीबी रोगियों को पोषण पोटली वितरित करते कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह।**

कुलपति ने सहजन के पत्ते एवं फलियों को दैनिक आहार में शामिल करने की सलाह देते हुए कहा कि यह रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में अत्यंत उपयोगी है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि नियमित दवा, पोषण और समय पर जांच से टीबी पूर्णतः ठीक होने वाला रोग है। कार्यक्रम का संचालन अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक ने किया। इस अवसर इस अवसर पर कुलसचिव विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल, प्रो सुरेन्द्र मिश्र, उप कुलसचिव दिनेश कुमार मौर्य, डॉ. रीमा श्रीवास्तव, डॉ. एके गौतम, एवं सहायक कुलसचिव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, और चिकित्सक मौजूद रहे।

# “कोविदार”

01 सितम्बर–30 सितम्बर, 2025, आश्विन कृष्ण–नवमी विक्रम संवत् 2082




## सेवा पखवाड़ा के तहत वृद्धाश्रम में कुलपति ने किया फल एवं आवश्यक सामग्री का वितरण

अयोध्या, 19 सितंबर 2025। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग एवं समाजशास्त्र पाठ्यक्रम के छात्रों के सहयोग से सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मणि पर्वत, अयोध्या स्थित वृद्धाश्रम में सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह द्वारा वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों को फल एवं दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री वितरित की गई।

इस अवसर पर कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने नई पीढ़ी से माता–पिता के बुढ़ापे में उनका सहारा बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वृद्धजन समाज की अमूल्य धरोहर हैं तथा उनकी रक्षा, देखभाल, सम्मान और प्रेम अत्यंत आवश्यक है। विश्वविद्यालय भविष्य में भी वृद्धाश्रम को सहयोग प्रदान करता रहेगा और व्यक्तिगत स्तर पर भी उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति में सहयोग जारी रहेगा। कुलपति ने वृद्धाश्रम परिसर का भ्रमण कर प्रबंधन व्यवस्था का अवलोकन किया और कहा कि भारतीय संस्कृति में माता–पिता का स्थान सर्वोच्च है। वृद्ध परिजनों की उपेक्षा सभ्य समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने बताया कि समाज कार्य एवं समाजशास्त्र के छात्र समय–समय पर वृद्धाश्रम में सामाजिक सेवा गतिविधियों में सहभागिता करते रहते हैं। कार्यक्रम में पूर्णेन्दु शुक्ल, विभागीय शिक्षक, वृद्धाश्रम के



**सेवा पखवाड़ा के तहत मणि पर्वत स्थित वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को फल एवं आवश्यक सामग्री वितरित करते कुलपति मौके पर विवि के अधिकारी गण एवं शिक्षकगण।**

कुलसचिव विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी संचालक एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## अवध विवि में अंतरराष्ट्रीय सूक्ष्मजीव दिवस मनाया गया

अयोध्या, 19 सितंबर 2025। अवध विश्वविद्यालय के सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग में माइक्रोबायोलॉजिस्ट समिति इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय सूक्ष्मजीव दिवस का आयोजन किया गया। समिति



**अंतरराष्ट्रीय सूक्ष्मजीव दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विजेता छात्रों को सम्मानित करते अतिथि एवं विभागीय शिक्षक।**

के समन्वयक एवं विभाग के आचार्य शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि इस दिवस का उद्देश्य सूक्ष्मजीवों पर हो रहे शोध एवं अध्ययन का प्रचार–प्रसार करना है, जिससे छात्र एवं समाज सूक्ष्मजीवों के महत्व से परिचित हो सकें।

18 सितंबर को प्रश्नोत्तरी, पोस्टर एवं क्रॉसवर्ड पजल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें सूक्ष्म जीव विज्ञान, जैव रसायन एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग के छात्रों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। समापन अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. तुहीना वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। पुरस्कार वितरण समारोह में विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. संत शरण मिश्र ने सूक्ष्मजीवों के महत्व पर प्रकाश डाला। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता छात्रों को सम्मानित किया गया।

## प्राथमिक विद्यालय में योग कार्यशाला आयोजित

अयोध्या, 20 सितंबर 2025।अवध विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र एवं महिला शिकायत एवं कल्याण प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत गोद लिए गए गांव माधावपुर मसौधा स्थित प्राथमिक विद्यालय में योग विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। समन्वयक प्रो. तूहीना वर्मा ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाल्यावस्था से योग शिक्षण मानसिक तनाव, चिड़चिड़ापन एवं क्रोध को नियंत्रित करने में सहायक है। योग विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य गायत्री वर्मा ने ताड़ासन, वृक्षासन, बालासन सहित विभिन्न योगाभ्यास एवं प्राणायाम बच्चों को खेल–खेल में कराए।



उन्होंने यौगिक दिनचर्या एवं संतुलित आहार अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. स्नेहा पटेल ने किया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका मनीषा पांडे एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## एमबीए टूरिज्म के छात्रों का बहुराष्ट्रीय कंपनियों में चयन

अयोध्या 18 सितंबर 2025। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग में एमबीए टूरिज्म पाठ्यक्रम के छात्रों का बहुराष्ट्रीय प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन हुआ है। विभागाध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि एमबीए टूरिज्म के छात्र मानस कुमार श्रीवास्तव एवं विशाल का चयन स्टीमुलस हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली में एमआईएस एग्जीक्यूटिव पद पर तथा अखिलेश कुमार का चयन जैनिस वर्ल्ड, नई दिल्ली में टूर एग्जीक्यूटिव पद पर हुआ है। वहीं एमबीए हॉस्पिटैलिटी के छात्र अनुराग पटेल का चयन होटल एक्सपॉइन सूट्स एवं कन्वेंशन, गुरुग्राम में हाउसकीपिंग पद पर हुआ।

प्रो. शैलेंद्र वर्मा ने इसे विभाग के लिए




गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, डॉ राना रोहित सिंह, डॉ. महेंद्र पाल सिंह, डॉ अंशुमान पाठक सहित विभाग के अन्य शिक्षकों ने चयनित छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## विकसित उत्तर प्रदेश–2047 को लेकर अवध विवि में कुलपति के निर्देश पर बैठक आयोजित

अयोध्या, 22 सितंबर 2025। अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक सभागार में कुलसचिव विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश को वर्ष 2047 तक विकसित समर्थ बनाए जाने के संदर्भ में बैठक आयोजित की गई। कुलसचिव ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए लिंक के माध्यम से शिक्षाविदों, छात्रों एवं संस्थानों से सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों, समन्वयकों, शिक्षकों एवं छात्रों को समयबद्ध रूप से अपने सुझाव साझा करने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा से जुड़े



सुझाव सरकार को प्रभावी रोडमैप तैयार करने में सहायक होंगे। बैठक में विभिन्न संकायों के शिक्षक उपस्थित रहे।

डिस्क्लेमर : ई–पत्रिका का प्रकाशन पूरी तरह से शैक्षणिक विकास को समर्पित है, इसका कोई भी व्यावसायिक हित नहीं है। सर्वाधिकार @ डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या

"कोविदार"

01 सितम्बर–30 सितम्बर, 2025, आश्विन कृष्ण–नवमी विक्रम संवत् 2082


# शैक्षिक उन्नयन के लिए सोच में परिवर्तन आवश्यकः कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह

अयोध्या, 23 सितंबर 2025। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक सभागार में शैक्षिक उन्नयन पर चर्चा एवं विचार–विमर्श हेतु कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विश्वविद्यालय परिसर में संचालित सभी पाठ्यक्रमों के सुचारू संचालन को लेकर विभागवार कक्षा संचालन की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की गई।

कुलपति ने गुणवत्तापरक शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी शिक्षकों को छात्रों की न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने परिसर की साफ–सफाई, नियमित स्वच्छता अभियान एवं सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता जताई। कुलपति ने कहा कि सकारात्मक सोच और कार्यसंस्कृति में परिवर्तन से ही विश्वविद्यालय को उत्कृष्ट संस्थान के रूप में विकसित किया जा सकता है।



कौटिल्य प्रशासनिक सभागार में शैक्षिक उन्नयन पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह।

बैठक में विश्वविद्यालय परिसर में संचालित शोधपीठों को और अधिक क्रियाशील बनाने, शोध ग्रंथों के प्रकाशन तथा शोध पत्र लेखन को प्रोत्साहित करने पर भी चर्चा की गई। इसके साथ ही दीक्षांत समारोह की तैयारियों की समीक्षा करते हुए प्रदर्शनी आयोजन पर सहमति बनी, जिसमें हैंडीक्राफ्ट, पर्यावरण, फाइन आर्ट्स एवं फैशन डिजाइनिंग के स्टॉल आकर्षण का केंद्र होंगे।

सुरक्षा व्यवस्था के तहत शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्रों के वाहनों के लिए क्यूआर कोड आधारित पास जारी किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में कुलसचिव विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल, प्रो. एसएस मिश्र, प्रो. आशुतोष सिन्हा, प्रो. नीलम पाठक, प्रो हिमांशु शेखर सिंह, प्रो. अनूप कुमार सहित अनेक अधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# अवध विवि में एनएसएस सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजन

अयोध्या, 24 सितंबर 2025।अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के एमबीए परिसर में कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के निर्देश पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 'विकसित भारत युवा कनेक्ट' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नामित यूथ आइकॉन शिवेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बदलते भारत की तस्वीर पर प्रकाश डाला तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंच प्रण एवं ग्यारह संकल्पों की जानकारी छात्र–छात्राओं को दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ एमबीए विभागाध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र वर्मा ने यूथ आइकॉन शिवेंद्र प्रताप सिंह को प्रभु श्रीराम नामी पट्टिका भेंट कर किया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक प्रो. अनुज पटेल ने किया। इस अवसर पर डॉ. मोहन चन्द्र तिवारी डॉ. राकेश कुमार, डॉ. निमिष मिश्रा, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।


एमबीए परिसर में आयोजित 'विकसित भारत युवा कनेक्ट' कार्यक्रम को संबोधित करते यूथ आइकॉन शिवेंद्र प्रताप सिंह।

# अवध विविः महाकवि किशनचंद बेवस की पुण्यतिथि पर साहित्यिक गोष्ठी

अयोध्या, 24 सितंबर 2025 ।अवध विश्वविद्यालय के एम. ए. सिंधी पाठ्यक्रम द्वारा महाकवि किशनचंद बेवस की पुण्यतिथि के अवसर पर गूगल मीट प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन साहित्यिक गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में पाठ्यक्रम समन्वयक प्रो. अनूप कुमार ने बेवस जी के साहित्यिक योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें सिंधी साहित्य का अमर कवि बताया। सहायक आचार्य कपिल कुमार ने उनके जीवन एवं काव्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने बेवस की रचनाओं का भावपूर्ण पाठ किया तथा स्वरचित कविताएं प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम का संचालन ज्योति मूलानी ने किया। अंत में महाकवि किशनचंद बेवस को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए गोष्ठी का समापन किया गया। इस अवसर पर किमल लखमानी, सागर उदासी, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# अभियांत्रिकी संस्थान में गेट एवं जैम विषय पर सेमिनार

अयोध्या, 25 सितंबर 2025। अवध विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान में छात्र–छात्राओं के लिए गेट एवं जैम परीक्षाओं पर आधारित एक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के वरिष्ठ शिक्षक डॉ. सुधीर प्रकाश, आईआईटी कानपुर के डॉ. चितरंजन पांडे, डॉ. रवि तेजा एवं डॉ. तोहीन शुभ महेतो द्वारा मां सरस्वती के माल्यार्पण से किया गया। आईआईटी कानपुर से आए विशेषज्ञों ने गेट और जैम की तैयारी, परीक्षा पैटर्न एवं इससे मिलने वाले शैक्षणिक व शोध अवसरों की जानकारी दी। वक्ताओं ने बताया कि गेट उत्तीर्ण करने पर आईआईटी, एनआईटी तथा पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश और आकर्षक रिसर्च फेलोशिप के अवसर प्राप्त होते हैं। सेमिनार में डॉ. शिक्षा जैन, डॉ. विनीत सिंह, इंजी. पीयूष राय ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर छात्रों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।



# विवि में आंगनबाड़ी बालक का जन्मदिन मना

अयोध्या, 25 सितंबर 2025। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के सरयू छात्रावास में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत प्रौढ़ एवं सतत प्रसार शिक्षा विभाग द्वारा गोद लिए गए गांव चौधरी का पुरवा, मसौधा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के छात्र अयांश का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. सुरेन्द्र मिश्र, छात्रावास वार्डन डॉ. अवध नारायण, डॉ. रमेश मिश्र, डॉ. अमित सिंह सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दयावती, नीलम पाण्डेय एवं नाजरीन बानो उपस्थित रहीं।



## श्रीराम के आदर्श अपनाने से युवाओं को कोई नहीं रोक सकताः कुलपति डॉ. बिजेन्द्र

## युवाओं को सही दिशा देने वाले आदर्श हैं प्रभु श्रीरामः स्वामी राम प्रसन्ना रामनरेशाचार्य

अयोध्या, 25 सितम्बर 2025।डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के श्रीराम शोध पीठ द्वारा "युवाओं के पथ प्रदर्शक श्रीराम" विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने की। मुख्य अतिथि के रूप में जगद्गुरु स्वामी राम प्रसन्ना रामनरेशाचार्य तथा विशिष्ट अतिथि प्रो. अजय प्रताप सिंह उपस्थित रहे।




श्रीराम शोध पीठ के व्याख्यान में कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह, साथ में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं प्रभु श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि प्रभु श्रीराम ने संपूर्ण विश्व को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया है। यही कारण है कि विश्व के 105 से अधिक देशों में राम के जीवन पर आधारित ग्रंथ एवं साहित्य उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि श्रीराम को हर रूप में देखा जा सकता है और उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। यदि आज का युवा श्रीराम के कुछ भी आदर्श अपने जीवन में आत्मसात कर ले, तो सफलता से उसे कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने युवाओं से अपने भीतर मर्यादाओं के सृजन और जीवन में सतत अच्छे कार्य करने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

मुख्य वक्ता स्वामी राम प्रसन्ना रामनरेशाचार्य ने कहा कि भारत युवाओं का देश है और युवाओं को अपने जीवन की दिशा तय करने पर गंभीर चिंतन करना चाहिए। प्रभु श्रीराम के आदर्श पथभ्रष्ट होने से बचाते हैं और सही दृष्टि प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि राम कोई व्यक्ति नहीं, बल्कि एक वृत्ति हैं। शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार नहीं, बल्कि समाज निर्माण होना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि प्रो. अजय प्रताप सिंह ने कहा कि राम का आदर्श हर युग के लिए प्रासंगिक है। आज का युवा भौतिकतावाद में फंसकर अपनी मर्यादाएं भूल रहा है, जबकि राम हमें सही और गलत का भेद सिखाते हैं। श्रीराम शोध पीठ के समन्वयक प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अंकित मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षकगण एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## महिलाओं व बालिकाओं के लिए स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अयोध्या, 27 सितम्बर 2025। अवध विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र एवं महिला शिकायत एवं कल्याण प्रकोष्ठ द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए ग्राम माधवपुर मसौधा में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ। स्वागत प्रो. तूहीना वर्मा ने किया।

मुख्य वक्ता डॉ. दीपशा मिश्रा, होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी, ने संतुलित आहार व पोषण पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं व बालिकाओं में हीमोग्लोबिन, कैल्शियम की कमी एवं पीसीओडी जैसी समस्याएं आम हैं, जिनसे बचाव हेतु पौष्टिक भोजन आवश्यक है। उन्होंने दाल–रोटी, सब्जी, सलाद, मौसमी फल, चना, गुड़ व दही को आहार में शामिल करने की सलाह दी।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रतिमा त्रिपाठी एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. स्नेहा पटेल ने किया। ग्राम प्रधान ऋषिकेश वर्मा सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।



माधवपुर मसौधा में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में महिलाओं को संबोधित करतीं डॉ. दीपशा मिश्रा।

## अहिल्याबाई होलकर छात्रावास में नवरात्रि पर डांडिया नाइट्स का आयोजन



अयोध्या 28 सितंबर 2025। अवध विश्वविद्यालय के अहिल्याबाई होलकर छात्रावास में शुक्रवार शाम नवरात्रि के अवसर पर डांडिया नाइट्स का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति कर्नल डॉ बिजेंद्र सिंह सहित कुलसचिव विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ला एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक द्वारा माता रानी के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। कुलपति ने छात्राओं को शक्ति पर्व की शुभकामनाएं दीं।छात्राओं ने देवी भजन एवं राम भजन प्रस्तुत कर वातावरण भक्तिमय बना दिया। दिव्यांशी, वेदिका, आयुषी व आंचल की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। विदुषि, निकिता, रिया व प्रिया ने सामूहिक डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा अर्पिता सिंह ने किया। वार्डन डॉ. गीतिका श्रीवास्तव, सुपरीटेंडेंट डॉ. स्वाति सिंह एवं छात्रावास स्टाफ उपस्थित रहा।

## दीपोत्सव की तैयारियों को लेकर कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने राम की पैड़ी का निरीक्षण किया

अयोध्या, 29 सितंबर 2025। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने सोमवार सुबह दीपोत्सव आयोजन स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राम की पैड़ी, विस्तारित राम की पैड़ी स्थल, चौधरी चरण सिंह घाट, भजन संध्या स्थल एवं लक्ष्मण किला घाट सहित सभी प्रमुख स्थलों का सघन अवलोकन किया।



दीपोत्सव की तैयारियों के निरीक्षण के दौरान राम की पैड़ी पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह।

कुलपति ने आयोजन स्थलों पर साफ–सफाई एवं अधूरे पड़े कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने दीपोत्सव नोडल अधिकारी को जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर समयबद्ध ढंग से घाटों की मार्किंग कार्य प्रारंभ कराने को कहा।

कुलपति ने बताया कि दीपोत्सव को लेकर विश्वविद्यालय में तैयारियां तेजी से चल रही हैं। स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण की प्रक्रिया निरंतर जारी है तथा अब तक 25 हजार से अधिक स्वयंसेवकों का ऑनलाइन पंजीकरण किया जा चुका है। दीपोत्सव को भव्य एवं दिव्य स्वरूप देने के लिए आयोजन समितियों को सक्रिय कर दिया गया है।

इस अवसर पर नोडल अधिकारी प्रो. एस.एस. मिश्र, प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा, प्रो. सुरेन्द्र मिश्र, डॉ. अंशुमान पाठक, डॉ. त्रिलोकी यादव, अंकित मिश्र, रवि मालवीय, अंकित श्रीवास्तव एवं पंकज सिंह उपस्थित रहे।

# बेटियों के लिए सुरक्षित व आत्मविश्वासपूर्ण वातावरण जरूरीः कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह

## महिला सहभागिता के बिना देश की प्रगति संभव नहींः एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी

अयोध्या, 28 सितंबर 2025। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के संत कबीर सभागार में शासन द्वारा निर्देशित मिशन शक्ति के अंतर्गत छात्राओं के लिए आत्म सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में किया गया। मिशन शक्ति के पांचवें चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए निरंतर जागरूक किया जा रहा है।

अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति ने कहा कि बेटियों के लिए ऐसा स्वस्थ वातावरण बनाया जाना चाहिए, जहां वे बिना संकोच अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने कहा कि बालिकाओं में प्रेजेंस ऑफ माइंड का होना आवश्यक है तथा किसी भी स्थिति से निपटने के लिए प्लान–ए और प्लान–बी तैयार रहना चाहिए। उन्होंने छात्राओं से माता–पिता से खुलकर संवाद करने की अपील की और कहा कि संकोच के कारण ही कई बार बेटियां गलत परिस्थितियों में फंस जाती हैं।

मुख्य वक्ता एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने आत्मनिर्भर भारत में बेटियों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया था। मिशन शक्ति केवल महिला सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि जन्म, पोषण और शिक्षा से जुड़ी सहभागिता सुनिश्चित करने का अभियान है। उन्होंने आपात स्थिति में 1091, 1090 और 1076 हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग की जानकारी दी।

आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण हरिओम शर्मा एवं कीर्ति द्विवेदी द्वारा दिया गया। स्वागत उद्बोधन डॉ. गीतिका श्रीवास्तव तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो. नीलम पाठक ने किया। इस अवसर पर कुलानुशासक प्रो. एसएस मिश्र प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, प्रो. चयन कुमार मिश्रा, प्रो. सुरेंद्र मिश्रा, मिशन शक्ति समिति के सदस्य डॉ. महिमा चौरसिया, डॉ. वंदिता पाठक, डॉ शशिकला सिंह, डॉ. स्नेहा पटेल, डॉ. प्रतिभा, इंजी. निधि प्रसाद, कुमार मंगलम सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहे।



मिशन शक्ति कार्यक्रम में छात्राओं को आत्म सुरक्षा के गुर सिखाते प्रशिक्षक, मंचासीन कुलपति एवं मुख्य अतिथि।

# पर्यटन से सांस्कृतिक सद्भाव व रोजगार को मिल सकती है नई दिशाः कुलपति

## पर्यटन से ही इतिहास और संस्कृति को समझा जा सकता हैः नगर आयुक्त ज्ञानेंद्र कुमार

अयोध्या, 27 सितंबर 2025। अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग द्वारा विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर "पर्यटन एवं सतत परिवर्तन" विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने की। मुख्य अतिथि नगर आयुक्त ज्ञानेंद्र कुमार तथा विशिष्ट अतिथि स्क्वाड्रन लीडर डॉ. तूलिका रानी रहीं।

अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति ने कहा कि भारत की संस्कृति और विविधता विश्व में अद्वितीय है। पर्यटन के माध्यम से सांस्कृतिक आदानदृप्रदान और वैश्विक एकता को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने अयोध्या में एग्री टूरिज्म की संभावनाओं पर बल देते हुए कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन होगा और पलायन रुकेगा। गांवों की हस्तकला, खानदृपान और संस्कृति को विश्व पटल पर पहचान मिलेगी।

मुख्य अतिथि नगर आयुक्त ज्ञानेंद्र कुमार ने कहा कि पर्यटन इतिहास को जानने का सशक्त माध्यम है। अयोध्या केवल एक धर्म की नहीं, बल्कि अनेक धर्मों और संस्कृतियों की महत्वपूर्ण नगरी रही है। उन्होंने प्रस्तावित टेंपल म्यूजियम की जानकारी देते हुए छात्रों से जिम्मेदार नागरिक और पर्यटक बनने की अपील की।

विशिष्ट अतिथि डॉ. तूलिका रानी ने कहा कि पर्यटन में सतत परिवर्तन आवश्यक है, लेकिन संस्कृति और प्रकृति से छेड़छाड़ नहीं होनी चाहिए। प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने कहा कि पर्यटन केवल किसी स्थान की भौगोलिक सुंदरता तक सीमित नहीं है, बल्कि वह वहां की लोक संस्कृति, भाषा, खान–पान और परंपराओं से जुड़ने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि पर्यटन को शांति, समझ और सांस्कृतिक संवाद का सशक्त सेतु माना जाता है।

विभागाध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र वर्मा ने पर्यटन को रोजगार व जीडीपी वृद्धि का महत्वपूर्ण साधन बताया। कार्यक्रम में नवंबर में प्रस्तावित सम्मेलन के ब्रोशर का भी विमोचन किया गया। संचालन डॉ. महेंद्र पाल सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रो. एसएस मिश्रा, डॉ संजय चौधरी, डॉ. निमिष मिश्रा, डॉ. आशुतोष पांडे, डॉ. दीपा सिंह, डॉ. अनीता मिश्रा सिंह सहित अन्य शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



विश्व पर्यटन दिवस पर आयोजित व्याख्यान में कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह एवं मंचासीन अतिथि।

# दीपोत्सव 2025 की तैयारियों को लेकर एमबीए विभाग में प्रशिक्षण

अयोध्या, 26 सितंबर 2025। दीपोत्सव की तैयारियों के अंतर्गत अवध विश्वविद्यालय के एमबीए विभाग में स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। संकायाध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र वर्मा के स्वागत के बाद दीप संयोजन, ब्लॉक निर्धारण एवं सुरक्षा संबंधी सावधानियों पर प्रस्तुति दी गई। नोडल अधिकारी प्रो. एस.एस. मिश्र ने 19 अक्टूबर को होने वाले नवम दीपोत्सव की जानकारी देते हुए इसे 'रामकाज' बताया और 26 लाख से अधिक दीप प्रज्वलन का लक्ष्य रखा। प्रशिक्षण अनुराग सोनी, आलोक तिवारी व गायत्री वर्मा ने दिया। धन्यवाद डॉ. अंशुमान पाठक ने किया।



# रिक्त सीटों पर सीधे प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन का अवसर

अयोध्या, 24 सितंबर 2025। अवध विश्वविद्यालय में यूपीटीयू काउंसलिंग सत्र 2025–26 के उपरांत शेष रिक्त सीटों पर सीधे प्रवेश के लिए छात्रों को ऑनलाइन आवेदन का अवसर दिया गया है।

प्रवेश समन्वयक प्रो. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि प्रथम वर्ष बीटेक (ईसीई, एमई, ईई–सीई), द्वितीय वर्ष बीटेक (लेटरल एंट्री) एवं बीफार्मा (लेटरल एंट्री) पाठ्यक्रमों हेतु समर्थ प्रवेश पोर्टल पर 31 सितम्बर 2025 तक पहले आओ–पहले पाओ के आधार पर आवेदन आमंत्रित हैं। इस संबंध में संस्थान को सूचित किया जा चुका है।

# अंत्योदय के बिना विकसित भारत की कल्पना अधूरी: कुलपति डॉ. बिजेंद्र

## अवध विवि में विकसित भारत 2047 एवं एकात्म मानववाद पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

अयोध्या, 25 सितम्बर 2025। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के संत कबीर सभागार में पं. दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ द्वारा अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग के अकादमिक सहयोग से "विकसित भारत–2047 एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद दर्शन" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने की।

अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को अंत्योदय का प्रणेता बताते हुए कहा कि भारत तभी वास्तविक अर्थों में विकसित बनेगा, जब समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का उत्थान होगा। इसके लिए पंडितजी के सिद्धांतों का अनुसरण आवश्यक है।




राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान मंच पर मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान करते कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह।

मुख्य वक्ता पूर्व कुलपति बीबीएयू लखनऊ प्रो. एनएनपी वर्मा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने संघर्षों से जूझते हुए प्रेरणादायी जीवन जिया। उन्होंने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार की अनेक योजनाएं उनके विचारों से प्रेरित हैं, जिनसे गरीबों, किसानों और महिलाओं का सर्वांगीण विकास संभव है।

कार्यक्रम संयोजक प्रो. आशुतोष सिन्हा ने कहा कि 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लिए केवल आर्थिक लक्ष्य पर्याप्त नहीं, बल्कि महिला, युवा और किसान का समावेशी विकास आवश्यक है। संचालन प्रो. प्रिया कुमारी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो. विनोद कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर मुख्य नियंता प्रो. एसएस मिश्र व बड़ी संख्या में शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।

## विश्व रेबीज दिवस पर सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग में जागरूकता कार्यक्रम

अयोध्या, 28 सितंबर 2025। अवध विश्वविद्यालय के सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग में विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. तुहिना वर्मा ने कहा कि रेबीज से डरने की नहीं, बल्कि जागरूक रहने की आवश्यकता है। यह एक घातक विषाणुजनित रोग है, जिसकी समय पर रोकथाम संभव है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने वर्ष 2030 तक रेबीज मुक्त भारत का लक्ष्य निर्धारित किया है। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र–छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से रेबीज के लक्षण, बचाव एवं टीकाकरण की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रो शैलेन्द्र कुमार, डॉ. रंजन सिंह, डॉ. नीलम यादव डॉ. शिवी श्रीवास्तव, डॉ. मणिकांत त्रिपाठी, डॉ. आशुतोष त्रिपाठी, डॉ. सोनी तिवारी, डॉ. आजाद पटेल ए शिक्षकगण एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।



विश्व रेबीज दिवस पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते छात्र–छात्राएं।

## सेवा पखवाड़ा के तहत अवध विश्वविद्यालय में "सब पढ़ें" कार्यक्रम आयोजित

अयोध्या, 29 सितंबर 2025। अवध विश्वविद्यालय के सभी परिसरों में राजभवन के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत "सब पढ़ें" कार्यक्रम का आयोजन 29 सितंबर को अपराह्न 12 बजे किया गया। कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि पुस्तकें केवल ज्ञान का भंडार नहीं, बल्कि मानसिक एवं व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम हैं। पुस्तक अध्ययन से नई सोच विकसित होती है और दुनिया को समझने का दृष्टिकोण व्यापक होता है। कार्यक्रम संयोजक प्रो. सिद्धार्थ शुक्ला ने बताया कि सभी विभागों में शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र–छात्राओं ने सामूहिक रूप से पुस्तक पठन कर अध्ययन का संदेश दिया।



## सेवा पखवाड़ा के तहत अवध विश्वविद्यालय में संत सम्मेलन का आयोजन

अयोध्या, 24 सितंबर 2025। अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत कुलाधिपति एवं राज्यपाल उत्तर प्रदेश की प्रेरणा से संत सम्मेलन का आयोजन कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगदगुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामदिनेशाचार्य रहे। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि अयोध्या मानवता की प्रथम भूमि है, जहाँ मानव देवत्व की ओर अग्रसर होता है। गुरु को ब्रह्मा, विष्णु और महेश के रूप में परिभाषित करते हुए उन्होंने कहा कि गुरु सृजन, पालन और बुराइयों के संहार का कार्य करता है। उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों से संघर्ष, त्याग और अनुशासन को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि श्रीराम समूची मानवता के प्रेरणा स्रोत हैं और जीवन में सफलता के लिए समय प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक ने किया। इस अवसर पर महामं. डलेश्वर आशुतोष दास, प्रो. सी के मिश्र, प्रो. जी आर मिश्र, प्रो. अनूप कुमार, डॉ. राजेश कुमार सिंह, डॉ. अवध नरायन, आशीष मिश्र सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।




संत सम्मेलन में मंचासीन जगदगुरु स्वामी रामदिनेशाचार्य, कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह एवं अन्य अतिथि।

## अवध विवि में पर्यावरण संरक्षण पर हिंदी निबंध प्रतियोगिता

अयोध्या, 22 सितंबर 2025। अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंधन एवं उद्यमिता विभाग एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण विषय पर हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांत संयोजक हिमांशु शेखर सिंह ने किया। प्रतियोगिता में विभिन्न संकायों के सौ से अधिक छात्र–छात्राओं ने सहभागिता की। प्रतिभागियों ने प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई और प्लास्टिक प्रदूषण जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। हिमांशु शेखर सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित होती है। प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा ने हिंदी पखवाड़े के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कई शिक्षक उपस्थित रहे।



# “कोविदार“

01 सितम्बर–30 सितम्बर, 2025, आश्विन कृष्ण–नवमी विक्रम संवत् 2082



# विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के लक्ष्य में विश्वविद्यालयों की भूमिका निर्णायकः कुलपति

## 2017 के बाद उत्तर प्रदेश वैश्विक निवेश केंद्र के रूप में उभराः पूर्व आईएएस राजीव कपूर

अयोध्या, 08 सितम्बर 2025। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में समर्थ उत्तर प्रदेश–विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान के अंतर्गत शिक्षकों एवं छात्रों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि पूर्व आईएएस अधिकारी राजीव कपूर रहे। स्वागत उद्‌बोधन मुख्य विकास अधिकारी के .के. सिंह ने किया। मुख्य अतिथि राजीव कपूर ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद उत्तर प्रदेश औद्योगिक शक्ति के रूप में उभरा है। निवेश सारथी जैसे प्लेटफॉर्म ने प्रदेश को वैश्विक निवेशकों की पसंद बनाया है।

अध्यक्षीय उद्‌बोधन में कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश केवल सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र ही नहीं, बल्कि देश की राजनीतिक और आर्थिक आकांक्षाओं का भी सशक्त वाहक है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वर्ष 2047 तक कैसा प्रदेश और देश बनाना है, यह उनकी क्षमता और संकल्प पर निर्भर करेगा।

पूर्व कृषि निदेशक डॉ. ए.पी. श्रीवास्तव ने कृषि विकास में आई प्रगति पर प्रकाश डाला, जबकि प्रो. आर.एन. राय ने भारत की वैश्विक आर्थिक भूमिका पर विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव विनय कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल, कुलानुशासक प्रो. पीके द्विवेदी डॉ. संजय चौधरी, डॉ. अवध एसएस मिश्र, प्रो .आशुतोष सिन्हा, प्रो. सीके मिश्र, प्रो. नीलम पाठक, प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा, प्रो . अनूप कुमार, प्रो .फर्रुख जमाल, प्रो शैलेंद्र कुमार, प्रो. गगाराम मिश्र, प्रो. तूहीना वर्मा, डॉ. विनोद कुमार चौधरी, डॉ. नारायण सहित प्रतिभागी उपस्थित रहे।



स्वामी विवेकानंद सभागार में विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान के अंतर्गत आयोजित संवाद कार्यक्रम में कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह एवं मुख्य अतिथि पूर्व आईएएस राजीव कपूर।

## विद्यार्थियों का के.एम. शुगर मिल्स अयोध्या का औद्योगिक भ्रमण

अयोध्या, 13 सितंबर 2025। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए के.एम. शुगर मिल्स, अयोध्या का औद्योगिक भ्रमण कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के निर्देश पर आयोजित किया गया। भ्रमण का उद्देश्य उद्योगों में पर्यावरण प्रबंधन की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार चौधरी ने बताया कि विद्यार्थियों ने क्रशिंग प्लांट, डिस्टिलरी, इफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट एवं को–जनरेशन पावर यूनिट का अवलोकन किया। तकनीकी अधिकारियों ने अपशिष्ट प्रबंधन, प्रदूषण नियंत्रण और अक्षय ऊर्जा के उपायों की जानकारी दी। विभागाध्यक्ष ने कहा कि ऐसे भ्रमण सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ते हैं। भ्रमण का नेतृत्व डॉ. नमिता गुप्ता एवं डॉ. संजीव कुमार श्रीवास्तव ने किया। विद्यार्थियों ने इसे अत्यंत ज्ञानवर्धक बताया।



## विवि में वित्तीय साक्षरता पर संयुक्त कार्यशाला

अयोध्या 14 सितंबर 2025। अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग तथा केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय, अयोध्या के संयुक्त तत्वावधान में वित्तीय साक्षरता और अनुशासन की आवश्यकता विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष प्रो. शैलेन्द्र कुमार वर्मा के अध्यक्षीय उद्बोधन से हुआ। मुख्य अतिथि केनरा बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अभिषेक सैनी ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी के लिए बैंकिंग सेवाओं एवं शिक्षा ऋण की जानकारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने शिक्षा ऋण को उच्च शिक्षा का सशक्त माध्यम बताया। बैंक अधिकारियों शशिकांत, मनीष सिंह एवं नेहा ने शिक्षा ऋण प्रक्रिया व योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम मिश्र ने किया। अंत में विभागाध्यक्ष ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी डॉ. श्रीश अस्थाना, डॉ. आशुतोष पाण्डेय, डॉ. रविन्द्र भारद्वाज, डॉ. महेंद्र पाल सिंह, डॉ. अंशुमान पाठक, डॉ. अनुराग तिवारी अन्य मौजूद रहे।



## जैव ईंधन पर किण्वन तकनीक विषयक संगोष्ठी आयोजित

अयोध्या 15 सितंबर 2025। अवध विश्वविद्यालय के सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग द्वारा 30वें दीक्षांत समारोह सप्ताह के अंतर्गत एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य अतिथि सूक्ष्मजीव विज्ञान के पूर्व अध्यक्ष प्रो. राजीव गौड़ ने बायोफ्यूल एवं बायोएनर्जी में किण्वन तकनीक के उन्नत अनुप्रयोग विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि सूक्ष्मजीवों की सहायता से सेल्युलोसिक इथेनॉल, बायोगैस एवं बायोब्यूटेन जैसे जैव ईंधनों का उत्पादन संभव है, जिससे जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम होती है। विभागाध्यक्ष प्रो. तुहिना वर्मा ने अतिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर संकाय सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।



## अवध विवि में हिंदी दिवस पर निबंध प्रतियोगिता

अयोध्या 16 सितंबर 2025। अवध विश्वविद्यालय के हिंदी भाषा एवं प्रयोजनमूलक विभाग तथा अवधी भाषा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय "हिंदीः एकता और सांस्कृतिक गौरव की वैश्विक आवाज" निर्धारित किया गया, जिस पर प्रतिभागियों ने 1000 शब्दों का निबंध लिखा। विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर विभागीय समन्वयक प्रो. सुरेंद्र मिश्र सहित सहायक आचार्य डॉ. सुमन लाल, डॉ. प्रत्याशा मिश्रा, डॉ. निहारिका सिंह एवं डॉ. दिव्या सिंह का विशेष योगदान रहा। निर्णायक मंडल द्वारा परिणाम घोषित किए जाने के बाद प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे।



## जूडो में अवध विवि को एक स्वर्ण, चार रजत

अयोध्या, 17 सितम्बर 2025। जवाहरलाल नेहरू स्मारक पी. जी. कॉलेज, बाराबंकी में आयोजित अन्तर महाविद्यालय जूडो महिला–पुरुष प्रतियोगिता में डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय आवासीय परिसर की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण एवं चार रजत पदक प्राप्त किए। महिला वर्ग में 57 किग्रा वर्ग में अमृता सिंह ने स्वर्ण, जबकि 48 किग्रा में अनुष्का विश्वकर्मा, 70 किग्रा में दीपांजलि साहू एवं 80 किग्रा में स्वीटी चौबे ने रजत पदक जीते। पुरुष वर्ग में 66 किग्रा में अभिमन्यु कुमार यादव ने रजत पदक प्राप्त किया। टीम के कोच डॉ. अनुराग पाण्डेय रहे। कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह सहित विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी।



## कैम्पस बुलेटिन

- 01 सितंबर 2025। अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या एवं आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मध्य शैक्षणिक सहयोग हेतु समझौता ज्ञापन (संपन्न हुआ।)
- 02 सितंबर 2025। गणित एवं सांख्यिकी विभाग में आयोजित साप्ताहिक दीक्षारंभ कार्यक्रम में राजकीय पॉलिटेक्निक अयोध्या के प्रवक्ता डॉ. संजीव कुमार सिंह ने विद्यार्थियों से अपने शैक्षणिक एवं व्यावसायिक अनुभव साझा किए।
- 05 सितंबर 2025। अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय द्वारा छात्रवृत्ति का मास्टर डाटा लॉक।
- 11 सितंबर 2025। कौटिल्य प्रशासनिक भवन समागार में दीपोत्सव 2025 को लेकर कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक।
- 20 सितंबर 2025। विवि में साइकिल यात्रा जागरूकता अभियान का आयोजन। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- 26 सितम्बर 2025। आवासीय परिसर की शूटिंग टीम का चयन ट्रायल संपन्न।

## विवि में मौर्य प्रशासन की आधुनिक प्रासंगिकता पर व्याख्यान



अयोध्या, 21 सितंबर 2025। अवध विश्वविद्यालय में 30वें दीक्षांत समारोह सप्ताह के अंतर्गत इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग द्वारा व्याख्यान आयोजित किया गया। लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. एस.के. जायसवाल ने मौर्य प्रशासनिक व्यवस्था और उसकी आधुनिक प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने चन्द्रगुप्त मौर्य की प्रशासनिक दक्षता, कौटिल्य के अर्थशास्त्र तथा अशोककालीन कल्याणकारी राज्य की अवधारणा को वर्तमान शासन प्रणाली से जोड़ा। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. संजय चौधरी सहित संकाय सदस्य व छात्र उपस्थित रहे।

## इंडक्शन प्रोग्राम में कंटेंट राइटिंग पर संवाद



अयोध्या, 01 सितम्बर 2025। अवध विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में इंडक्शन प्रोग्राम के तहत पुरातन छात्रों ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को मीडिया की बदलती दिशा से अवगत कराया। कंटेंट स्पेशलिस्ट हिमांशी सिंह और एएनआई के अभिषेक दूबे ने डिजिटल मीडिया, कंटेंट राइटिंग व करियर अवसरों पर विचार रखे। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ना रहा।

## रक्तदान जीवन रक्षा का अभियान है: कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह

अयोध्या, 21 सितंबर 2025। अवध विश्वविद्यालय के समस्त संकायों एवं गायत्री शक्ति पीठ युवा प्रकोष्ठ, अयोध्या के संयुक्त तत्वावधान में श्रीराम शोधपीठ में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने की। उन्होंने कहा कि रक्तदान जीवन रक्षा का अभियान है, जो समाज को संवेदनशील और सक्षम बनाता है। जरूरतमंदों के लिए रक्तदान अमृत के समान है। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से आयोजित शिविर में एनसीसी, फार्मेसी, आईईटी, प्रबंधन विभाग सहित विभिन्न संकायों के छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पूर्व संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य डॉ. एस.बी. सिंह ने रक्त की महत्ता और उसके संरक्षण पर प्रकाश डाला। शिविर में 25 यूनिट से अधिक रक्त का संग्रह किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुराग तिवारी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन वाणिज्य संकायाध्यक्ष प्रो. शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने प्रस्तुत किया।



रक्तदान शिविर का शुभारंभ करते कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह एवं रक्तदान करते छात्र–छात्राएं।

## स्वास्थ्य संरक्षण में फार्मासिस्ट की भूमिका महत्वपूर्ण: कुलपति

### फार्मेसी क्षेत्र में नवाचार समय की आवश्यकता: डॉ. आलोक त्रिवेदी

अयोध्या, 26 सितम्बर 2025। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में विश्व फार्मासिस्ट दिवस 2025 के अवसर पर कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। विशिष्ट अतिथि औषधि निरीक्षक अयोध्या डॉ. आलोक त्रिवेदी रहे। अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति ने थिंक हेल्थ, थिंक फार्मासिस्ट थीम के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि फार्मासिस्ट सुरक्षित दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कर स्वास्थ्य संरक्षण में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने अंगदान को महादान बताते हुए इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने की अपील की। डॉ. आलोक त्रिवेदी ने फार्मेसी क्षेत्र की उपलब्धियों, दवा नियमन और नवाचारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ एवं विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनके विजेताओं को कुलपति एवं अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सिन्धु एवं अंकुर श्रीवास्तव रहे। इस अवसर निदेशक प्रो. शैलेन्द्र कुमार, प्रो. नीलम पाठक, डॉ. अनिल यादव, डॉ. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी, डॉ. शालिनी त्रिपाठी मौजूद रहे।




विश्व फार्मासिस्ट दिवस कार्यक्रम में कुलपति एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. आलोक त्रिवेदी।

## मातृ शक्ति से ही रामराज्य का मार्ग प्रशस्त: दीदी मां मंदाकिनी

## मां का आशीर्वाद जीवन की सबसे बड़ी शक्ति: कुलपति

अयोध्या, 27 सितंबर 2025। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में मातृ सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता दीदी मां मंदाकिनी, श्रीरामचरितमानस मर्मज्ञ, ने ″या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता″ मंत्रोच्चार के साथ कहा कि मां पहली गुरु, प्रेरणा और मार्गदर्शक होती है। उन्होंने अयोध्या को प्रभु श्रीराम की संस्कारभूमि बताते हुए रामराज्य की अवधारणा पर बल दिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति ने कहा कि मां के आशीर्वाद से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है तथा युवाओं को माता–पिता के प्रति सदैव सम्मान रखना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य नियंता प्रो. एसएस मिश्र ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक ने किया।



स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में आयोजित मातृ सम्मेलन को संबोधित करते कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह एवं मुख्य वक्ता दीदी मां मंदाकिनी।